>

Title: Regarding air connectivity between Pragyagraj and Delhi-laid.

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): मैं सरकार का ध्यान जनपद प्रयागराज, उत्तर प्रदेश की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूं । प्रयागराज जिले की आबादी लगभग 60 लाख है । प्रयागराज एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शुभारंभ 16 दिसंबर 2018 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के करकमलों द्वारा हुआ था । वर्तमान समय में प्रयागराज एयरपोर्ट से 14 फ्लाइट मूवमेंट हो रहे हैं, इसे और बढ़ाने की आवश्यकता है ।

मेरा आग्रह है कि प्रयागराज से दिल्ली एवं दिल्ली से प्रयागराज हेतु सुबह 7:00 से 9:00 एवं शाम को 7:00 से 9:00 बजे के आस-पास सेवा शुरू की जाए । प्रयागराज में उत्तर प्रदेश सरकार के कई मुख्यालय, उच्च न्यायालय तथा कई विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थान स्थित हैं तथा यह शहर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का प्रमुख केंद्र है । प्रयागराज में हर 12 वर्ष में महाकुम्भ, 6 वर्षों में कुम्भ एवं हर वर्ष माघ मेला संगम तट पर लगता है, जिसमें करोड़ों श्रद्धालुओं का आवागमन होता है । संगम में स्नान करने के लिए वर्षभर हजारों लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता रहता है ।

प्रयागराज एयरपोर्ट पर आवक कार्गो की अस्थाई सुविधा दी गई है परंतु कार्गो भेजने और स्टोर करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जबकि एयरपोर्ट की भविष्य की विस्तार योजना में कार्गो काम्पलेक्स का प्रावधान है । कार्गो सुविधा होने की पर यहां के किसानों एवं छोटे व्यवसायियों द्वारा अपने उत्पादों जैसे अमरूद, आम, शिल्प की सामग्री तथा खाद्यान्न आदि को तत्काल बड़े बाजारों को भेजा जा सकता है । कार्गो सुविधा हो जाने पर इस क्षेत्र के आर्थिक विकास और रोजगार में अभूतपूर्व वृद्धि हो सकती है । प्रयागराज एयरपोर्ट, भारतीय वायु सेना के साथ एक जॉइंट एयर फील्ड है जिसके कारण रात्रि के समय फ्लाइट के

संचालन एवं एयरपोर्ट के विकास में भी बाधा उत्पन्न हो रही है, इस हेतु सरकार के स्तर से विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है ।

मैं माननीय उड्डयन मंत्री जी से मांग करती हूं कि प्रयागराज से दिल्ली एवं दिल्ली से प्रयागराज हेतु सुबह 7:00 से 9:00 तथा एवं शाम को 7:00 से 9:00 बजे के आस-पास उड़ान सेवा शुरू की जाए एवं प्रयागराज एयरपोर्ट से कार्गो सेवा और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें तथा हज की फ्लाइट शुरू की जाए ।